# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 24.06.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.06.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के जरैली कोठी के रहने वाले कामता धुरिया द्वारा दिनांक 23.06.2025 को थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी कि दिनांक 17/18.06.2025 की रात्रि को अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई है। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनांक 24.06.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ झील का पुरवा से गिरफ्तार किया गया तथा तलाशी में उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद हुए है।

**बरामदगी-**

- 01 अवैध तमंचा 315 बोर
- 01 जिंदा कारतूस 315 बोर
- 01 मोटरसाइकिल (चोरी की)

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. धनन्तर पुत्र मुन्ना निवासी छोटी बड़ोखर थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 555/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री गौरव प्रताप सिंह
2. उ0नि0 श्री गौतम सोनी
3. हे0 कां0 रामनरेश
4. कां0 भागचन्द्र